तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 29 सितंबर 2024

13 नारी के सैकड़ों ग्रामीण कुरूद थाना घेरने पहुंचे

14 संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं : आचार्य रामप्रताप शास्त्री




## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक आज

**धमतरी।** सतनामी समाज ब्लॉक धमतरी ग्रामीण की बैठक 29 सितंबर रविवार को दोपहर 1 बजे देवपुर में होगी। इसमें पारिवारिक और सामाजिक सर्वे, संगठन विस्तार आदि मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र भारती ने समाजजनों से उपस्थित होने की अपील की है।

### सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा 30 को

**मगरलोड।** सहकारी विपणन समिति मर्यादित मगरलोड की वार्षिक आमसभा 30 सितम्बर सोमवार को समिति के कार्यालय भवन मगरलोड में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है जिसमें अंशधारी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। कोरम के अभाव में बैठक आधा घंटा के लिये स्थगित की जायेगी। स्थगित बैठक आधा घंटा बाद पुनः प्रारंभ होगी। वर्ष 2023-24 का व्यावसायिक कार्यक्रम, अनुमानित बजट, अंकेक्षित वित्तीय पत्रक की स्वीकृति तथा अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

### तरसींवा में कबड्डी प्रतियोगिता 1 को


**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम तरसींवा में बोल बम कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर मंगलवार को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 11001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रूपए रखा गया है। प्रतियोगिता की तैयारी में ललित यादव, ओमप्रकाश ढीमर, सुमित ढीमर, संजय नेताम, सोमनाथ ढीमर, मणिकांत गोस्वामी, महेश यादव समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं। यह जानकारी सरोज यादव ग्रामीण अध्यक्ष ने दी है।

### झिरिया में अखंड रामधुनी सम्मेलन जारी

**पुरी।** ग्राम नयापारा झिरिया में अखंड रामधुनी सम्मेलन का आयोजन 26 से 29 सितम्बर तक किया गया है। शुभारंभ एंव दीप प्रज्वलन के मुख्य अतिथि जगदीश साहू शिक्षक कंडेल थे। अध्यक्षता मनराखन ध्रुव सरपंच झिरिया ने की। विशिष्ट अतिथि प्रभुराम साहू, अधीनराम ध्रुव, शंकरलाल सिन्हा, धर्मेन्द्र चन्द्राकर, माखन ध्रुव, सेवकराम ध्रुव, रामप्यारी ध्रुव, मुरहाराम सिन्हा, पंकज साहू थे। इसी तरह समापन समारोह की मुख्य अतिथि रंजना डीपेंद्र साहू पूर्व विधायक होंगी। अध्यक्षता मनराखन ध्रुव करेंगे। विशिष्ट अतिथि अवनेन्द्र साहू जनपद सदस्य धमतरी होंगे।

### डूमरपाली में युवक ने लगाई फांसी

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम डूमरपाली में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। विवेचना अधिकारी एएसआई धनीराम नेताम ने बताया कि 27 सितंबर शुक्रवार की रात्रि 7 बजे ग्राम डूमरपाली निवासी अजय पटेल उम्र 23 वर्ष पिता राजकुमार पटेल अपने कमरे में सोने चला गया था। 9.30 बजे उसके बड़े भाई दानेश्वर पटेल खाना खाने के लिए आवाज लगाया। दरवाजा अंदर से बंद था। कोई जवाब नहीं आने पर दरवाजा तोड़कर कमरे में गया तो देखा कि कमरे के छत के हुक में अजय पटेल प्लास्टिक रस्सी में फांसी लगाकर फड़फड़ा रहा था। परिजनों ने तत्काल रस्सी को काटा और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड लाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति दो-तीन दिन से ठीक नहीं थी। 28 सितंबर को मर्ग कायम कर पंचनामा पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



---


फीस ज्यादा होने के कारण आई समस्या, फिर से टेंडर बुलाने की तैयारी

# नहीं पटी लाइसेंस फीस, चार शराब दुकानों का हुआ अहाता टेंडर निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सरकारी शराब दुकानों में अहाता के लिए भारी भरकम लाइसेंस फीस के कारण 4 ठेकेदारों ने फीस ही जमा नहीं की है। अब उनका टेंडर निरस्त कर इन चार दुकानों के लिए फिर से टेंडर बुलाने की तैयारी है। बाकी दुकानों में अहाता तो चल रहा है, लेकिन लाइसेंस फीस ज्यादा होने के कारण वे भी परेशान हैं।

जिले में देशी और विदेशी मिलाकर कुल 27 शराब दुकान संचालित हो रही है। इनमें से कई दुकान सिंगल तो कई संयुक्त रूप से चल रही है। शासकीय योजना के तहत इन दुकानों में अहाता का संचालन किया जाना है, जहां पर मदिरा खरीदने वालों के लिए पीने और खाने की व्यवस्था होगी। जानकारी के अनुसार मई में इन दुकानों के लिए अहाता टेंडर बुलाया गया। लगभग सभी दुकानों के लिए बोली लगाई गई। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 22 अहाता के लिए टेंडर बुलाया गया था। कई लोगों ने बढ़-चढ़कर बोली लगाई। लाइसेंस शुल्क इतना अधिक हो गया कि कुछ माह में ही अहाता के ठेकेदारों ने हाथ खड़े कर दिए। जिले में 4 अहाता ऐसे हैं, जहां ठेकेदार लाइसेंस फीस नहीं पटा पा रहे हैं। आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने इन दुकानों के अहाता का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। अब फिर से इन दुकानों लिए अहाता टेंडर बुलाने की तैयारी चल रही है। जल्द ही इन 4 दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किया जाएगा।



### फीस ज्यादा होने से बढ़ी परेशानी

पिछले कई साल से शराब दुकानों में अहाता का सिस्टम बंद था। आसपास के लोगों ने कई खोमचे खोल रखे थे। इन्हीं के भरोसे मदिरा प्रेमियों का काम चलता था। इस साल शासन के निर्देश पर सभी सरकारी दुकानों में अहाता खोलने के लिए योजना बनाई गई। टेंडर भी जारी किया। अहाता की लाइसेंस फीस ही ज्यादा रखी गई थी। वहीं बोली में यह फीस कई गुना बढ़ गई। नतीजा यह हुआ कि अहाता संचालकों को नुकसान होने लगा। संचालकों ने एक माह में ही हाथ खड़े करने शुरू कर दिए। एक के बाद एक चार आहता बंद हो चुके हैं। कई दुकानों में अहाता चल रहा है लेकिन उसे चलाने वाले ठेकेदार भी परेशान हैं।

**यह भी है समस्या**

शराब दुकान की जगह काफी संवेदनशील होती है, जहां पर आए दिन लड़ाई झगड़ा व मारपीट होती है। अब तो शहर का माहौल और भी खराब हो गया है। किशोर और युवाओं के हाथ में बटंची, चाकू जैसे खतरनाक हथियार हैं। लगातार चाकूबाजी जैसी घटनाएं हो रही हैं। दानीटोला दुकान में अहाता चल रहा था लेकिन एक घटना के बाद अहाता ठेकेदार ने इसे छोड़ दिया। अब इस दुकान का अहाता भी बंद हैं। आमदी और रावां में भी अहाता बंद पड़ा हुआ है। आबकारी विभाग से इन दुकानों के लिए फिर से अहाता का टेंडर बुलाया जाएगा।

---

# सेमरा सी में जल जगार उत्सव मनाया गया

- किसानों को फसल चक्र परिवर्तन अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम सेमरा सी में जल जगार उत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित कर किसानों को फसल चक्र अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। दोपहर को हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भागीदारी करते हुए इस साल दलहन तिलहन जैसी फसल लेने के लिए हामी भरी है।

जमीन की बिगड़ती सेहत और पानी के लिए हर साल गहराते हुए संकट को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव में अभियान चलाकर किसानों को फसल चक्र परिवर्तन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब तो इन कार्यक्रमों को जल जगार से जोड़ दिया गया है। इसी के तहत ग्राम सेमरा सी में अधिकारियों ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते हुए किसानों की बैठक ली। किसानों को फसल चक्र परिवर्तन की समझाइश दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि आज यदि हम पानी नहीं बचाते हैं तो भविष्य में कैसी विकट स्थिति बन सकती है। करीब तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भागीदारी की। अधिकांश किसानों ने इस साल फसल चक्र परिवर्तन अपनाने के लिए स्वीकृति भी दी है।




### करें बिजली बंद

सेमरा सी के किसान ने फसल चक्र परिवर्तन को सफल बनाने के लिए सलाह देते हुए कहा कि किसान सुबह 9 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक खेत में काम करने के लिए निकल जाते हैं। फसल चक्र परिवर्तन को सफल बनाने के लिए केवल इसी वक्त यदि मोटरपंपों को बिजली देनी चाहिए। बाकी शाम 5 बजे से सुबह 9 बजे तक पंप लाइन बंद रखी जाए तो किसान अपने आप ही फसल चक्र परिवर्तन के लिए बाध्य हो जाएंगे। क्योंकि इतने कम समय में सिर्फ चना, गेहूं जैसी फसल की ही सिंचाई की जा सकती है।

---

# एनएसएस से ला सकते हैं अपने जीवन में बदलाव : रेणु



- कन्या महाविद्यालय में स्वयंसेवकों के लिए हुआ ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**धमतरी।** कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम रखा गया। प्राचार्य डॉ डीआर चौधरी ने एनएसएस की गतिविधियों और समाज सेवा में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. रेणु पाटले एनएसएस प्रभारी संत गुरु घासीदास पीजी कॉलेज कुरूद ने छात्राओं को एनएसएस के माध्यम से अपने जीवन में कैसे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं, इस पर जानकारी दी। साथ ही एनएसएस के विभिन्न प्रोजेक्ट्स जैसे सफाई अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य शिविर के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने भी अपने विचार साझा किए। वहां उपस्थित लोगों ने एनएसएस की शपथ ली और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। एनएसएस प्रभारी प्रो. रोली जांगड़े ने आभार व्यक्त किया।

---

# वनांचल में सालभर की बारिश का कोटा चार माह में पूरा

- बेलरगांव और नगरी तहसील में मानसून रहा मेहरबान
- भखारा, मगरलोड सहित अन्य तहसील बारिश में पीछे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस साल मानसून वनांचल की दो तहसील पर खूब मेहरबान रहा। बेलरगांव तहसील में सालभर की बारिश के मुकाबले चार माह में 35 मिमी अधिक बारिश हो गई है। नगरी तहसील का वार्षिक कोटा लगभग पूरा हो गया है। वहीं भखारा और मगरलोड तहसील बारिश में काफी पिछड़ गई है। यहां 78 फीसदी बारिश हो पाई है।

मानसून की वापसी शुरु हो गई है। पखवाड़े भर में मानसून की विदाई जिले से हो जाएगी। जिले की सातों तहसील में बारिश की अलग-अलग परफार्मेंस रही। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलरगांव तहसील में शुक्रवार को हुई 26 मिमी बारिश के साथ 1 जून से अब तक 1325 मिमी बारिश हो गई है। जबकि बेलरगांव तहसील की वार्षिक औसत वर्षा 1297.7 मिमी है। सालाना वार्षिक औसत वर्षा के मुकाबले 120 प्रतिशत बारिश वर्षा सीजन में हो चुकी है।

नगरी तहसील में शुक्रवार को हुई 13.6 मिमी बारिश के साथ 1 जून से अब तक 1287.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। नगरी की वार्षिक औसत वर्षा 1298.8 मिमी है। सालाना औसत वर्षा के मुकाबले यहां मात्र 11 मिमी बारिश की कमी है। वर्षाकाल में नगरी तहसील में 113.5 प्रतिशत बारिश हुई है।

### मगरलोड तथा भखारा तहसील काफी पीछे

गत वर्ष भखारा में अन्य तहसीलों के मुकाबले सबसे अधिक वर्षा हुई थी। इस साल भखारा तहसील बारिश में काफी पीछे रह गई है। शुक्रवार को भखारा में 31.6 मिमी बारिश के साथ 1 जून से अब तक 822.4 मिमी बारिश हुई है। यहां की सालाना औसत वर्षा 1382.2 मिमी है। आगामी 8 माह में यहां 560 मिमी बारिश होने पर कोटा पूरा होगा जो संभव नहीं है। मगरलोड तहसील में शुक्रवार को 20.2 मिमी बारिश के साथ वर्षाकाल में 787.4 मिमी बरसात हुई है जबकि यहां की सालाना औसत वर्षा 1372.6 मिमी है। सालाना कोटा के लिए 585 मिमी बारिश की जरूरत है। यहां औसत वर्षा की 77.5 प्रतिशत बारिश हो पाई है।

### कुरूद, धमतरी, कुकरेल में भी सामान्य से कम बारिश

जिले भर में हुई बारिश के हिसाब से औसत वर्षा के मुकाबले पांच प्रतिशत कम बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। कुकरेल तहसील में शुक्रवार को 10 मिमी बारिश के साथ 1 जून से अब तक 1087.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 10 वर्ष की औसत वर्षा के अनुसार अब तक 1153 मिमी बारिश हो जानी थी। कुकरेल की सालाना सामान्य वर्षा 1298.8 है। वर्तमान स्थिति में यहां 94.3 फीसदी बारिश हुई है। धमतरी तहसील में शुक्रवार को 29.8 मिमी बारिश के साथ 1 जून से अब तक 1010.5 मिमी बारिश हो चुकी है। धमतरी की सालाना सामान्य वर्षा 1436.4 मिमी है। फिलहाल 73 मिमी कम बारिश के साथ 93.3 फीसदी बारिश हुई है। शुक्रवार को कुरूद तहसील में 47.4 मिमी बारिश हुई है। वर्षाकाल में यहां 911.8 मिमी बारिश हो पाई है जबकि 1038.5 मिमी बारिश हो जानी थी। कुरूद की सालाना औसत वर्षा 1382.2 मिमी है। औसत वर्षा के मुकाबले कुरूद में 87.8 मिमी बारिश हुई है।

### तीन दिनों तक वर्षा गतिविधियों पर ब्रेक

आगामी तीन दिन तक वर्षा की गतिविधियों में गिरावट आने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून वापसी की राह पर है। यह 21 डिग्री उत्तर तथा 70 डिग्री पूर्व से होकर गुजर रहा है। दक्षिण-पश्चिम उत्तरप्रदेश और इसके आसपास चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी के ऊपर फैला हुआ है। यह दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व अरब सागर से दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश के आसपास चक्रवाती परिसंचरण से होते हुए उत्तर-पश्चिम बिहार तक समुद्रतल से 5.8 किमी तक फैली हुई है। प्रदेश में 28 सितंबर से तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ वर्षा गतिविधि में कमी आएगी। प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वज्रपात, बारिश की चेतावनी निरंक हैं।

---

# इस साल दस दिन की होगी नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस साल नवरात्रि 10 दिन की होगी। तृतीया तिथि दो दिन पड़ रही है। इसके अतिरिक्त नवमी और दशमी एक ही दिन पड़ रही है।

शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। पंडित रूपेश शास्त्री ने बताया कि इस साल नवरात्रि श्रद्धालुओं के लिए बेहद खास रहने वाली है, क्योंकि इस बार नवरात्रि 9 दिन की नहीं बल्कि 10 दिन की होगी।



उन्होंने बताया कि इस बार तृतीया तिथि दो दिन पड़ रही है। तृतीया तिथि 5 अक्टूबर को सुबह 5:31 बजे से शुरू होकर अगले दिन 6 अक्टूबर को सुबह 7:50 बजे तक रहेगी। ये तिथि दो दिनों के सूर्योदय को स्पर्श करेगी। इसलिए दोनों ही दिन तृतीया तिथि का पूजन होगा। नवरात्रि के दौरान 5 से 8 अक्टूबर तक और 11 और 12 अक्टूबर को सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग का संयोग है, जो खरीदारी और पूजा-अनुष्ठान के लिए शुभ है।

### पिता-पुत्र के हमलावर तक पहुंची पुलिस

**धमतरी।** होटल व्यवसायी पिता-पुत्र पर चाकू से हमला कर घायल करने वाले हमलावर तक पुलिस पहुंच गई। जल्द ही मामले का खुलासा होगा। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात्रि ग्राम कोलियारी में होटल चलाने वाले खम्मन निषाद पर अज्ञात युवक ने धारदार हथियार से उसके पेट में हमला कर दिया। पिता को बचाने गए पुत्र विजय निषाद पर भी आरोपी ने हमलाकर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गये। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर अर्जुनी पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है। जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि आरोपी पूर्व में हत्याकांड में शामिल रहा है। उस समय आरोपी नाबालिग होने के कारण उसे कड़ी सजा नहीं हुई थी।

---

# केरेगांव पुलिस ने साप्ताहिक बाजार में चलाया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- नशामुक्ति के लिए लोगों को किया जागरूक

केरेगांव पुलिस ने गांव में आयोजित साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरुक किया।

केरेगांव थाना की पुलिस ने भारतमाला परियोजना के कर्मचारियों के साथ शनिवार को गांव में आयोजित साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान बाजार व आसपास की साफ-सफाई की गई। पुलिस ने स्वच्छता के साथ-साथ नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस दौरान केरेगांव प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह, प्रआ डिकेश सिन्हा, आरक्षक बीरेंद्र साहू, गोविंद ठाकुर, नागेंद्र पांडे, मयाराम ध्रुव, केरेगांव की सरपंच दुखिया बाई, भारतमाला परियोजना के अधिकारी कर्मचारी एवं धान खरीदी केंद्र करने आए व्यापारी सहित सौ से अधिक लोग उपस्थित थे।

---

जिला पशु चिकित्सालय में मनाया गया विश्व रैबीज दिवस

# शिविर में 112 पालतू पशुओं का हुआ रेबीज टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिला पशु चिकित्सालय में आयोजित शिविर में 112 पालतु पशुओं को रैबीज टीकाकरण किया गया। वहीं पशुओं के स्वास्थ्य की जांच एवं उपचार किया गया। प्रत्येक वर्ष 28 सितंबर को विश्व रैबीज दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में शनिवार को जिला पशु चिकित्सालय परिसर में निःशुल्क रैबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

रैबीज टीकाकरण शिविर में कुल 112 श्वान, बिल्ली, बछड़े एवं बकरियों को रैबीज का टीका लगाया गया। शिविर में दवा कंपनियों के सहयोग से 145 पशुओं के लिए कृमिनाशक दवा, जूं एवं बाह्य परजीवी नाशक दवाई फीड सप्लीमेंट, डॉग फूड टानिक, डॉग शैंपू का वितरण किया गया। इसके साथ ही सामान्य स्वास्थ्य जांच एवं इलाज किया गया। शिविर का आयोजन उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा.एमएस बघेल के निर्देशानुसार एवं पशु चिकित्सालय के प्रभारी डा.मयंक पटेल के नेतृत्व में किया गया।

शिविर में उपसंचालक डा.एमएस बघेल, उपसंचालक डा.टीआर वर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा.मयंक पटेल, विखं प्रभारी डा.सुरेंद्र कुर्रे, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी प्रेमलाल साहू, परिचालक देवव्रत नेताम, पीआईडब्ल्यू पुष्कर साहू, अनुज देवांगन, मो ख्रिज खान सहित दवा कंपनी के रोहित, तेजपाल, अनिल मजूमदार, हसिन बिसेन सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित थे।






### नियमित टीकाकरण ही रैबीज से बचाव है : डॉ. पटेल

जिला पशु चिकित्सालय के प्रभारी डा. मयंक पटेल ने बताया कि रैबीज टीका की खोज लुई पाश्चर ने की थी। उनके पुण्यतिथि व आविष्कार करने में उनके योगदान के लिए 28 सितंबर को वर्ल्ड रैबीज डे मनाया जाता है। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में निःशुल्क रैबीज टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। डा. पटेल ने बताया कि रैबीज 4 हजार साल पुरानी लाइलाज बीमारी है। नियमित टीकाकरण ही रैबीज से बचाव है। उन्होंने बताया कि पालतु पशुओं का नियमित टीकाकरण कराएं। डाग बाइट की स्थिति में झाड़फूंक के चक्कर में न पड़कर एक्सपर्ट डाक्टर से संपर्क कर पोस्ट बाईट शेडयूल के अनुसार एंटीरैबीज का इंजेक्शन अवश्य लगवाएं।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप



### मां दुर्गा की प्रतिमा को आकार दे रहे मूर्तिकार

**बगदेही(धमतरी)।** तीन अक्टूबर से नवरात्रि पर्व की धूम मचेगी। सभी भक्त मां दुर्गा के आगमन की प्रतीक्षा में हैं। कोर्रा के मूर्तिकार पंकज साहू माता की प्रतिमा को आकार देने से लगे हुए हैं। बता दें कि पंकज साहू सुप्रसिद्ध मूर्तिकार हैं। इन्होंने यह काम कम उम्र में प्रारम्भ किया है। भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, विश्वकर्मा, माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा बनाई जाती है। इनके द्वारा बनाई गई मूर्ति की मांग पूरे धमतरी जिले में होती है। शरद नवरात्रि पर वे माता दुर्गा की भव्य प्रतिमा को आकार देने में जुटे हैं। उनके इस काम में विक्की साहू एवं प्रज्ञांश कामड़े सहयोग कर रहे हैं।

### शीतला मंदिर में नवरात्रि की तैयारी शुरू

**अंवरी।** शीतला माता मंदिर भैंसबोड़ में क्वांर नवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है। मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। यह जानकारी संतोषकुमार नागारची कोटवार ने दी है।

### पटेल समाज बगौदराज की कार्यकारिणी बैठक 30 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** मरार पटेल समाज बगौदराज की कार्यकारिणी बैठक 30 सितम्बर सोमवार को सामुदायिक भवन रेलवे स्टेशन पारा चरमुड़िया में आयोजित की गई है। अध्यक्ष सियाराम पटेल ने बताया कि इस बैठक में 28 गांवों के ग्राम प्रमुख, पंचगण, राज पदाधिकारी, युवा प्रकोष्ठ सदस्य एवं महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी शामिल होंगी। बैठक में समाज विकास के विभिन्न मुद्दों, सामाजिक नियमावली एवं संगठन पर चर्चा की जायेगी।

### गर्ल्स कालेज में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन




**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष वीणा, उपाध्यक्ष गीता साहू, सचिव अंजु साहू , सहसचिव गीतांजलि मनोनित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। विभागाध्यक्ष डॉ. रोहिणी मरकाम ने कहा कि आप खुद को एक नए स्तर पर ले जाएं और महाविद्यालय के प्रत्येक गतिविधियों में योगदान दें। डॉ. जयश्री रणसिंह ने कहा कि सभी अपनी जिम्मेदारियों को बेहतरीन तरीके से निभाएंगे।

अंशधारी किसानों को समिति के आय-व्यय की जानकारी दी गई

# करेलीबड़ी सहकारी समिति ने की 4 करोड़ 99 लाख 32 हजार की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित करेली बड़ी में वार्षिक आमसभा 2023-24 का आयोजन किया गया जिसमें अंशधारी किसानों को समिति के आय- व्यय लेखा जोखा की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि गोपालराम साहू ने किया। अध्यक्षता जीवनलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष महेंद्र साहू, शेखू साहू, तामेश्वर सोनकर, उपसरपंच पदुम साहू, कांशीराम साहू, चम्मनलाल साहू, भोजराम साहू, टेमनलाल साहू, खेमलता साहू, चन्दकुमार साहू, सोनू सिन्हा, लेखराम निषाद, बंशी, पोखन सिन्हा, बिहारी साहू, सुशील सिन्हा, डॉ विपत पाल, नकुल भारती, मृषलाल सोनकर, फूलसिंग, धनु साहू, मोहन,





लक्ष्मण साहू थे। सुपरवाईजर परमेश्वर निर्मलकर ने सत्र 2023-24 के वित्तीय लेखा जोखा का ब्यौरा दिया गया। कृषकों को बताया कि समिति को शुद्ध लाभ 43 लाख एवं संचित लाभ 72 लाख 54 हजार रुपये हुआ है। समिति द्वारा 847 सदस्यों को 4 करोड़ 99 लाख 88 हजार का ऋण वितरण किया गया। ऋण वसूली 4 करोड़ 99 लाख 32 हजार रुपये हुई। समिति ने शत- प्रतिशत वसूली की।

पर्यवेक्षक ने बताया कि संस्था में सीएससी सेंटर संचालित हैं जिसमें विभिन्न प्रकार की सुविधा मिल रही है। बिजली बिल जमा करना, आय-जाति प्रमाण पत्र बनाना, आधार कार्ड, पेनकार्ड बनाने समेत अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। मैक्रो एटीएम से एक बार में 10 हजार की निकासी और डिपॉजिट होती है। उन्होंने सीएससी सेंटर में मिलने वाली सुविधा से रूबरू कराया गया। समिति से खरीफ एवं रबी फसल पर बिना ब्याज के ऋण दिया जाता है, ताकि किसानों को खेती कार्य करने में सुविधा मिल सके। उन्होंने ट्रेक्टर, मोटरसाइकिल समेत कृषि उपकरण कम ब्याज दर में फाइनेंस किया जाता है। इसकी खरीदी समिति से कर सकते हैं। समिति प्रबंधक नत्थू सोनकर ने किसानों को बताया कि समिति में 2060 सदस्य हैं जिसमें 1749 कृषक ऋणी हैं और 311 कृषक अऋणी हैं। उन्होंने बताया कि सदस्यों का 28 लाख रुपये जमा है। किसानों को समिति से खाद, बीज, रासायनिक दवाई की भी सुविधा मिलती है। उन्होंने सहकारिता विभाग की योजनाओं को गिनाया। इस मौके पर डेटा सहलिपिक तरुण निषाद, राधे निषाद, रमेश साहू, मोहित कश्यप, सुमित जामरे, एकांत साहू, प्रदीप जामरे समेत अनय कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीआरसी ने कन्या स्कूल में त्रैमासिक मूल्यांकन का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय कन्या माध्यमिक शाला मगरलोड में सभी उच्च प्राथमिक कक्षाओं के विषय अनुसार त्रैमासिक मूल्यांकन का आयोजन किया जा रहा है। 26 सितंबर को बीआरसी मगरलोड टामेश्वर ठाकुर ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक मूल्यांकन कार्य में जुटे थे। सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति मूल्यांकन में थी।



इस दौरान श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों से परीक्षा के बारे में पूछा और उन्हें कड़ी मेहनत कर सफलता अर्जित करने के लिए कहा। इस अवसर पर बीआरसी मगरलोड ने सभी शिक्षकों को पाठ योजना के अनुसार तय किए गए पाठ और दिए एलोस को प्राप्त करने प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना का निरीक्षण करते हुए सभी रसोइये एवं सहायिकाओं को साफ सफाई का विशेष ध्यान देने एवं सहायता समूह के संचालनकर्ता को मीनू के आधार पर विद्यार्थियों को भोजन देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रधानपाठक डीआर ध्रुव, शिक्षक कमलेश कुमार साहू, शिक्षिका चंद्रकला साहू, मुनिया यादव, सावित्री विश्वकर्मा, फूलकुमारी पटेल, महेश्वरी सिन्हा

## झांकी में परेवाडीह एवं गायन में छिपली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

■ गणेशपुर में हुई दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता

ग्राम गणेशपुर में जय भोले रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झांकी में प्रथम पुरस्कार 2501 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1501 रुपये तथा गायन में प्रथम पुरस्कार 2001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1501 रुपये, तृतीय पुरस्कार 1001 रुपए दिया गया। झांकी में प्रथम जय मां त्रिपुर सुंदरी राधा कृष्ण रामधुनी मंडली परेवाडीह राजनांदगांव, द्वितीय जय बजरंग रामधुनी परिवार डोटोपार, तृतीय श्री प्रज्ञा रामधुनी झांकी परिवार गिरौद व गायन में प्रथम संगम रामधुनी मानस परिवार छिपली जामली, द्वितीय संगी बहुरिया रामधुनी पार्टी गोजी कुरूद, तृतीय जय भारत रामधुनी परिवार दरगहन विजयी रहे। इस अवसर पर





स्वच्छता से जुड़ी हुई ग्रीन आर्मी की महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर ललित कुमार निषाद अध्यक्ष, भूपेंद्र साहू उपाध्यक्ष, बृजेश साहू कोषाध्यक्ष, जगन्नाथ ध्रुव सचिव, डेमन साहू उपसचिव, समारू यादव सहसचिव, अजय साहू संरक्षक, मिथिलेश पुरी गोस्वामी सलाहकार, जवाहर वर्मा महामंत्री सहित आयोजक समिति का विशेष सहयोग रहा।

## कोर्रा सरपंच ने हर पुष्य नक्षत्र पर बच्चों को सुवर्ण प्राशन का लाभ दिलाने का उठाया बीड़ा

■ स्वयं के खर्च से बस किराया कर 60 बच्चों को शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए धमतरी के शासकीय आयुष पॉलीक्लिनिक में बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। आयुष विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करती है।

कुरुद ब्लाक के ग्राम कोर्रा के सरपंच चोवा राम साहू ने अनोखी पहल की है। गांव के 6 माह से 16 वर्ष के प्रत्येक बच्चों को सुवर्ण प्राशन की खुराक पिलाने का बीड़ा उठाया है। शुक्रवार को सरपंच ने स्वयं के खर्च से बस किराया कर 60 बच्चों को पालकों के साथ शासकीय आयुष





पॉलीक्लिनिक धमतरी भेजा। सरपंच श्री साहू का कहना है कि सुवर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन सिर्फ जिला मुख्यालय में ही किया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सुविधा या अन्य कारणों से जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित होना पड़ता है। जिसके मद्देनजर ग्राम कोर्रा के बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए एक छोटी सी पहल शुरू की है। लगातार आगामी पुष्य नक्षत्र की तिथियों में गांव के प्रत्येक बच्चोंको सुवर्ण प्राशन संस्कार की खुराक दिलवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों द्वारा हजारों वर्ष पूर्व वायरस और बैक्टीरिया जनित बीमारियों से लड़ने के लिए एक ऐसे रसायन का निर्माण किया गया, जिसे स्वर्ण प्राशन कहा जाता है। स्वर्ण प्राशन के सेवन से बच्चों का शारीरिक और बौद्धिक विकास बेहतर होता है।

## एनएसएस से समय प्रबंधन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है : सोनबेर




■ स्थापना दिवस पर स्वयंसेवक साधना एवं सौरभ हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य चैतराम साहू थे। अध्यक्षता कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने की। विशेष अतिथि नरेश कुमार, पुष्पेंद्र गुरु, संतोष जगताप, मानसिंह जांगड़े, रविंद्र बंदे, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर एवं सुमन साहू थे। अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवक साधना अवस्थी ने एनएसएस लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कहा कि एनएसएस की स्थापना 24 सितंबर 1969 को हुई थी। एनएसएस से पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक कार्यों, सांस्कृतिक, बौद्धिक कौशल, विकास, अनुशासन, समय प्रबंधन एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। प्राचार्य चैतराम साहू ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक स्व-अनुशासित होकर समाज में जागरूकता लाने के साथ विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सर्वांगीण विकास करते हैं।

प्राचार्य ने उत्कृष्ट स्वयंसेवक सौरभ कुमार एवं साधना अवस्थी को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार साहू एवं आभार व्यक्त उत्तरा गंजीर ने किया। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

मगरलोड के शिविर में 66 लोगों ने किया रक्तदान, जोखिम गर्भवती माताओं को मिलेगा लाभ

# रक्तदान से दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम : शारदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएल कौशिक के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारी, नगर पंचायत, थाना, शिक्षा विभाग, व्यापारी संघ, भाजयुमो, विश्व हिंदू परिषद, छग शाकंभरी सेवा संस्थान, गुरुकुल कॉलेज से रेडक्रॉस सोसाइटी, पत्रकार संघ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू जनपद सदस्य गिरीश साहू सहित 66 लोगों ने शिविर में रक्तदान किया। रक्तदान पश्चात सबको प्रमाण पत्र वितरण किया। शाकंभरी सेवा संस्थान ने पेन का वितरण किया।

इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ शारदा ठाकुर ने बताया कि रक्तदान करने से दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। कोलेस्ट्रॉल कम होता है। वजन कम करने में मदद मिलती है। स्वास्थ्य भी



अच्छा रहता है। बोन मैरो में वसा जमा नहीं होती और खून बनाने की क्षमता बनी रहती है। रक्तदान करने से लीवर स्वस्थ रहता है। रक्तदान के लिए उम्र कम से कम 18 साल होनी चाहिए और वजन कम से कम 50 किलो होना चाहिए। बीमार लोग रक्तदान नहीं कर सकते। पुरुषों को रक्तदान करने के बाद कम से कम 90 दिन और महिलाओं को कम से कम 120 दिन का इंतजार करना चाहिए। विकासखंड की जोखिम गर्भवती माता जिन्हें खून की आवश्यकता होगी उनको मदद मिलेगी और ऐसे लोग जिनका एचबी लेवल 7 ग्राम से कम है। उनको रक्त अंतरण करने में सुविधा प्राप्त होगी।

विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज पटेल ने दानदाताओं का आभार माना। रक्तदान शिविर में अध्यक्ष नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी नीतू खिलावन साहू, टीआई राजेश जगत कैलाश टांडे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड से डॉक्टर प्राची साहू, नीतेश्वरी स्टाफ नर्स, तरुण साहू एमएलटी, अश्विनी गायकवाड एनसीडी काउंसलर, गीतांजलि, जिला चिकित्सालय धमतरी से एमएलटी उमाकांत वैद्य, भूषण लाल, पूजा गायकवाड़ ब्लड बैंक काउंसलर, प्रियंका ध्रुव सहायक, बेला सोनवानी वार्ड सहायक एवं चिकित्सकीय टीम का योगदान रहा।

## अंचल की खबरें

### कन्या महाविद्यालय में रासेयो दिवस मनाया गया



**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में राष्ट्रीय सेवा योजना का 50वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान प्राचार्य ने कहा कि एनएसएस समाजसेवा का अवसर प्रदान करती है और लोगों को स्वच्छता के साथ-साथ समाज में सेवा भाव के साथ एकजुट रहने के लिए प्रेरित करती है। डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि एनएसएस के क्रियाकलाप व्यक्ति को समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनाने का काम करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी रोली जांगड़े ने स्वयंसेवकों को रासेयो से जुड़ने के महत्व बताया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जे.एल. पाटले, ओ.पी. चन्दे, डॉ. सी.एस. बांधे, राजेश जांगड़े, हुकेश मारकण्डेय, दानेश्वर साहू, दामिनी ठाकुर, आकाश साहू, मधु माधव देव, रामचंद सोनी, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, तीजन साहू, डॉ. सुषमा साहू, गीतांजली टंडन, नरेन्द्र साहू, सतीश साहू एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहे।

### गट्टासिल्ली में स्वच्छता अभियान चला



**नगरी।** स्वच्छता ही सेवा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत दिलीप बिल्डकान लिमिटेड कम्पनी भारतमाला सड़क योजना की ओर से गट्टासिल्ली में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के बाजार व चौक चौराहों की साफ-सफाई की गई। मौके पर संजीव कुमार सिंह सीनियर मैनेजर, उमेश कुमार सुरक्षा प्रबंधक, अरविंद यादव, अमिला सामरथ सरपंच गट्टासिल्ली व थाना प्रभारी दुगली मौजूद थे।

### शिविर में 90 लोगों की टीबी, शुगर, बीपी की हुई जांच



**मगरलोड।** स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से ग्राम रांकाडीह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सीएसओ, आरएसओ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी वर्कर और 3 मितानिन का सहयोग रहा। शिविर में कुल 90 लोगों की टीबी, शुगर, बीपी की जांच की गई। 76 लोगों के बलगम का सैंपल लिया गया। स्वास्थ्य शिविर में टीबी मुक्त पंचायत पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरपंच सचिव, रोजगार सहायक, युवा,मितानिन और आंगनवाड़ी वर्कर ने भाग लिया। पिरामल टीम की प्रोग्राम लीडर ने टीबी रोग के लक्षण, उपचार और असुविधा, टीबी मुक्त पंचायत और रैफरल पर चर्चा की। टीबी मुक्त पंचायत पहल का मुख्य उद्देश्य टीबी से मुक्ति पाना, उनका सही इलाज करना और समुदाय को टीबी से मुक्त कराना है। सरपंच ने पिरामल टीम और स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास की सराहना की।

### केशव को पुरस्कृत किया गया



■ महाविद्यालय में प्रथम एवं जिले में द्वितीय स्थान पर रहे

**धमतरी।** विवेकानंद यूथ सर्किल जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा विश्व दिग्विजय दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन जिले के चार प्रमुख महाविद्यालयों में किया गया था, जिसमें 400 से भी अधिक प्रतिभागियों नें हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगता में संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 के स्वयंसेवक एवं एमएससी प्राणीशास्त्र प्रथम सेमेस्टर के छात्र केशव ध्रुव नें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान एवं जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये केशव को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर विवेकानंद यूथ सर्किल जिला धमतरी के द्वारा 2000 रूपये का पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के. राठौर, प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हितनारायण टण्डन, रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार वि.यू.स के जिला प्रभारी राकेश साहू, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर सहित जनभागीदारी के सदस्य शशांक कृदत्त, धनेश्वर निर्मलकर, खेमराज सिन्हा, अनुराधा साहू आदि उपस्थित थे।

### न गंदगी करूंगा न किसी को करने दूंगा



**धमतरी।** स्वच्छता सेवा के तहत कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ ली कि वे न तो खुद गंदगी फैलाएंगे और न ही दूसरों को फैलाने देंगे। स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में गली, मोहल्लों, तालाबों, वार्डों, कार्यालयों सहित नदियों इत्यादि की साफ-सफाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं को स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और स्वच्छता के लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गंदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूंगा। इसके अतिरिक्त अधिकारी कर्मचारियों ने अन्य 100 व्यक्तियों को शपथ दिलवाकर स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ भी ली।

ग्रामीण अध्यक्ष की मौत आत्महत्या या हत्या संदेह बरकरार, ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांचकर कार्रवाई की मांग की

# नारी के सैकड़ों ग्रामीण कुरूद थाना घेरने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





सप्ताह भर पहले खेत जाने वाले धरसा रोड में ग्राम नारी के ग्रामीण अध्यक्ष की संदिग्ध हालात में हुई मौत की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीण कुरुद थाना पहुंचे। टीआई से जांचकर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर पुरानी मंडी भेज दिया वहीं गुस्साए ग्रामीण घण्टों तक पुलिस प्रशासन को कोसते रहे। शनिवार को विभिन्न वाहनों से सैकड़ों की संख्या में कुरुद थाना पहुंचे ग्राम नारी के ग्रामीणों ने बताया कि 18 सितंबर को ग्रामीण अध्यक्ष की लाश खेत में संदेहास्पद मिली। कुरूद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची तो उन्होंने पाया कि ननकू की लाश उन्हीं के खेत में मोटर पंप के पास पड़ी थी। उसकी नाक से झाग निकल रहा था। शरीर में कोई चोट या जख्म के निशान नहीं थे। घटनास्थल पर कृषि दवाई, शराब की 6 खाली क्वार्टर, डिस्पोजल और चखना की प्लेट पड़ी थी। जिससे शंका जताई जा रही है कि मृतक कुछ लोगों के साथ शराब सेवन करने बैठा था। दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की जांच से असंतुष्ट सैकड़ों ग्रामीण शनिवार को कुरुद थाना पहुंचे और परिणाम की मांग करने लगे। ग्रामीणों के बुलावे पर पहुंचे नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकर ने उनकी मांगों का समर्थन करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की।

इस अवसर पर छबिलाल, रमेश साहू, शत्रुहन पाल, पूर्णिमा बाई, दिलीप, कृष्णा, सूदन, बलराम, रोहित, टेमन, सालिक, विजय, श्रवण, प्रकाश, खुमान पाल, रेखराम, लेखनारायण, टीकाराम, अजय, रामआधार, मोहन, राहुल, हेमन्त साहू, देवेन्द्र, रमेश निषाद, पुरूषोत्तम, नारायण, थानूराम, दीनानाथ, भूषण, प्रमोद, पुरानिक, बृजलाल, अवध, हिरामन, तेजराम उपस्थित थे।

### ▶ परिजनों ने कहा, यह आत्महत्या नहीं हत्या है

घटना को देखते हुए परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पिता सोमनाथ साहू, पत्नी सावित्री साहू, पुत्र चंद्रशेखर साहू सहित अन्य परिजन थनेश्वर साहू ने बताया कि ननकू वर्तमान में ग्राम नारी के ग्रामीण अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। आदतन शराबी नहीं थे। उनकी हत्या की गई है। इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। आगे कहा कि घटना को 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई पूरी उदासीनता के साथ चल रही है।

### ▶ पुलिस की कार्रवाई सुस्त : तपन

नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर ने कहा कि एक प्रमुख व जिम्मेदार नागरिक की संदिग्ध मौत हो गई है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई को सुस्त बताते हुए कहा कि ग्रामीणों को थाना में बुलाने की बजाय मंडी में ठहरा दिया गया है।जहां पानी तक की व्यवस्था नहीं है। पुलिस निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्रवाई करें, नहीं तो ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

### ▶ पुलिस गंभीरता से मामले की जांच कर रही : टीआई

टीआई अरुण साहू ने बताया कि ननकू राम साहू की मौत मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। घटनास्थल से सामग्री बरामद कर संदेहियों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## अंचल की खबरें

### गोकुलपुर में रामधुनी प्रतियोगिता जारी



**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड में इस वर्ष भी तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जागेश्वर कंवर सेनि सहायक संचालक कृषि मंडी बोर्ड थे। अध्यक्षता राजकुमार नेताम सेवानिवृत वन विभाग ने की। विशिष्ट अतिथि भगवान सिंह यादव वार्ड अध्यक्ष थे। मौके पर कमलेश ध्रुव, महेश साहू, जनक साहू, बिहारी साहू, शिवाजी, मुखीराम, विजय साहू, प्रकाश साहू, मोहन साहू, संतोष साहू, श्रीराम यादव, नामदेव साहू, अस्मत साहू गोपाल साहू सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

### झांकी में मथुराडीही व नृत्य में गुदगुदा की मंडली अव्वल रही



### परसुली में रामधुनी प्रतियोगता का समापन



**धमतरी।** ग्राम परसुली में तीन द्विवसीय अखंड रामधुनी का समापन हुआ। यहां दूरदराज की लगभग 17 रामधुनी मंडली की प्रस्तुति हुई। झांकी पक्ष में प्रथम रामधुनी मंडली मथुराडीही, द्वितीय रामधुनी मंडली बकली, तृतीय रामधुनी मंडली नरहरपुर व नृत्य पक्ष से प्रथम छत्तीसगढ़ रामधुनी मंडली गुदगुदा, द्वितीय जय दुर्गे रामधुनी मंडली सुपेला, तृतीय भगवती रामधुनी मंडली कुर्रा ने बाजी मारी। समापन अवसर पर पर पहुंचे सरपंच धनसाय साहू ने इस आयोजन की प्रशंसा की। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद, मेघनाथ साहू, तोरण निषाद, भैय्यालाल साहू, धनवा महिलांगे, चित्रसेन निषाद, मेघनाथ भंडारी, नारायण साहू, तोरण लाल ध्रुव, प्रेमू चन्द्रवंशी, कृष्ण कुमार साहू, लखन सोनवानी, मुकेश ध्रुव उपस्थित थे । मंच संचालन डां. चंद्रकांत साहू, जयलाल लेजवार व आभार प्रदर्शन टी. निषाद ने किया।

### पीएम आवास के हितग्राहियों का हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**नगरी।** ग्राम पंचायत दुगली एवं केकती सेंटर दुगली एवं कृषि उपज मण्डी नगरी में वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हितग्राहियों को 1.20 लाख रूपये दिया जाना है। प्रगति के आधार पर 3 किस्त मिलने, 90 दिवस की मानव मजदूरी, हितग्राहियों को सामग्री की उपलब्धता एवं गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण की जानकारी दी गई। मौके पर आवास शाखा प्रभारी आधिकारी मिश्री लाल गौर, तकनीकी सहायक कुंदन देवांगन समेत आसपास के गांवों के ग्रामीण उपस्थित थे। प्रभारी आधिकारी मिश्रीलाल गौर ने प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृत हितग्राहियों को किस तरह अपने आवास को बनाना है, इसके बारे में जानकारी दी। हितग्राहियों को अपने आवास के काम को पुनः चालू करने कहा।

### रामधुनी में कंडेल कॉलेज के रासेयो छात्रों की रही सहभागिता



**धमतरी।** ग्राम कंडेल में आयोजित रामधुनी कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सेवा प्रदान की। विदित हो कि कंडेल ग्राम में इस वर्ष भी रामधुनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें अंचल की विभिन्न मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। रामधुनी में पहुंची मंडलियों एवं श्रद्धालुओं को पेयजल, भोजन कराने में ग्रामवासियों के साथ कंडेल कॉलेज के स्वयंसेवकों ने सहयोग प्रदान किया। संस्था के प्राचार्य प्रो. रविशदास ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करना ही रासेयो का मूल उद्देश्य है। गौरतलब है कि कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर सिन्हा के निर्देशन में कॉलेज के स्वयंसेवक विभिन्न गांवों में स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से टिकेंद्र, नम्रता, चुमेश्वरी, होमलता, गेनिका, लीसा, सरिता, पायल उपस्थित थे।

### रासेयो स्थापना दिवस पर हुई परिचर्चा

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में मंगलवार को रासेयो के स्थापना दिवस पर परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे ने राष्ट्रीय सेवा योजना की नीति एवं सिद्धांतों पर विचार व्यक्त करते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी पारसमणी साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के जनक, बैच में नीले रंग तथा तीलियों का अर्थ, महत्व, उद्देश्यों को बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास एवं अच्छा नागरिक तैयार करता है। कार्यक्रम में चेतना, पायल, सानिया, नूतन, तारणी, हर्षिता, दुलेश्वर, दिव्या, लीनिमा, डेमीन, दामिनी, लक्ष्मी, फलेश्वरी, रितु, मेनिका, नागेश, खिलेश्वर, अनिल, भूपेंद्र, टिकेन्द, सुमेश, चेतन, महेश्वर, थानेन्द्र, देवाशीष, ईश्वर, टोपेन्द्र, दुलेश्वर, खेमराज आदि स्वयं सेवकों का योगदान रहा। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रहास साहू, साहूकार साहू, मेघराज साहू, बसंत साहू, कमलेश कंवर, हरीशचंद्र पटेल, बी एल टंडन, मिथलेश सिन्हा, प्रदीप मानिकपुरी, मीना सिन्हा, पुष्पलता ठाकुर, जानकी वर्मा, व्यायाम शिक्षक सुरेश निषाद, जेआर साहू, विज्ञान सहायक प्रमिला बारले एवं हेमेंद्र मेश्राम उपस्थित रहे।

### एनएसएस से नेतृत्व क्षमता का होता है विकास : बघेल

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। स्कूल की एनएसएस इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयं सेवकों ने स्कूल प्रांगण एवं आस पास की सफाई की। प्राचार्य आर के बघेल ने विद्यार्थी जीवन में एनएसएस का महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनएसएस विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समाज सेवा, राष्ट्रभक्ति, एकता एवं सहयोग की भावना पैदा करता है। छात्रों में अच्छे नागरिक के गुणों का विकास होता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थी कला, संस्कृति, खेलकूद के साथ अपनी छिपी हुई प्रतिभा को सबके सामने लाता है। कार्यक्रम के अवसर पर एनएसएस यूनिट एवं शिक्षकों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य आर के बघेल थे। इस दौरान आर के टंडन, के के वर्मा, एच के साहू, बी के निषाद, जे के साहू, डी के साहू, जी के साहू, एस अग्रवाल, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एल सोन, एम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

सिवनीकला में भाजपा सेवा पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर का 450 मरीजों ने लिया लाभ, निःशुल्क दवा वितरित की गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

शहीद भगतसिंह की जयंती पर 28 सितंबर को भाजपा कुरूद विधानसभा द्वारा सेवा पखवाड़ा अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में विधानसभा स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिसके तहत कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में ग्राम सिवनीकला में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा। मरीजों के विभिन्न रोगों के चेकअप के साथ ही निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर प्रभारी भाजपा सिर्री मंडल थे। अध्यक्षता थानेश्वर तारक सरपंच गोजी ने की। विशेष अतिथि दाऊ टकेश्वर चन्द्राकर, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, थानेश्वर तारक सरपंच गोजी, केवल चन्द्राकर, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, टेकराम साहू, कपिल पटेल थे। भारत माता, महात्मा गांधी, शहीद भगत सिंह के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इस अवसर पर दिव्यांग चैतू साहू और कुंजू सतनामी को व्हीलचेयर एवं कन्हैया साहू को ट्राईसिकल दी गई। मुख्य अतिथि भानु चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगतसिंह की जयंती पर भाजपा के नेताओं से संपर्क कर ग्राम सिवनीकला में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीज़ों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई गई। इस शिविर का सिर्री मंडल प्रभारी होने के नाते उन्होंने शुभारम्भ कर आदर्श शहीद भगत सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर भाजपा के सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रम से सबको अवगत कराया। इसके बाद विधायक अजय चन्द्राकर, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का इस स्वास्थ्य शिविर के लिए आभार माना। शिविर में लगभग 450 मरीजों ने अपना इलाज कराया। आयुष्मान कार्ड बनाने और उसका लाभ लेने लोगों की भीड़ उमड़ी रही। शुगर, बीपी एवं खून की जांच भी की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ कीर्तन साहू ने बताया कि लगभग 65 नेत्र रोगी पहुंचे जिसमें मोतियाबिंद के मरीज काफी थे। रोगियों को मल्टीविटामिन सिरप एवं अन्य दवाई निःशुल्क वितरित की गई।

शिविर में रायपुर एम्स के अलावा खंड चिकित्सा अधिकारी यूएस नवरत्न, डा. जेपी दीवान शिशु रोग विशेषज्ञ, डा. डीएस देव अस्थि रोग विशेषज्ञ, हेमराज देवांगन एमडी मेडिसीन, नाक कान गला एनके कामडे, खंड प्रबंधक डा रोहित पांडे, नेत्र रोग चिकित्सक डा. क्षितिज साहू, कीर्तन साहू , नोगेंद्र साहू फार्मासिस्ट, देवराज, डा. राजेश भतपहरी, डा. ऋतु रात्रे आयुर्वेद डॉक्टर, मनीषा साहू सीएचओ, मुग्धा परिहार, अरुण साहू, पोखराज यादव ऑपरेटर, बिनेश साहू, यमन साहू, तोरण कंडरा ने सेवाएं दी। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में डीहू साहू, डीलेंद्र, नेतराम साहू, जागेश्वर साहू बकली, मन्नूलाल साहू बकली, चंद्रप्रकाश, गिरधर, दिलीप, सुरेश पंच, कुंजीलाल, कृष्णा साहू, सुरेश हिरवानी, युगल साहू, शैलेंद्र पाल, दीपदान, भोजराज, राकेश तारक सहित सिवनीकला के कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।

## केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से मिले ढोकने, पटेल



धमतरी। केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से पहुना गेस्ट हाउस में भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ढोकने एवं देवजी पटेल ने मुलाकात की।

## नए सीएमओ से नगर हित पर की चर्चा



**भखारा/अंवरी।** नगर पंचायत भखारा में नवपदस्थ सीएमओ संतोष विश्वकर्मा का प्रेस क्लब भखारा के सदस्यों ने स्वागत किया। श्री विश्वकर्मा से मुलाकात कर पत्रकारों ने नगर की मौजूदा स्थिति पर सकारात्मक चर्चा की। इस दौरान सीएमओ श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार पहली प्राथमिकता होगी। बिजली, पानी और सफाई पर विशेष कार्य करने की जरूरत है। इस दौरान प्रेस क्लब भखारा अध्यक्ष थानेश्वर साहू, उपाध्यक्ष राजेश रात्रे, सचिव युगलकिशोर साहू, संरक्षक रशीद खान, कोषाध्यक्ष खिलेश साहू, प्रीतम टंडन, नितेश मानिकपुरी, दिग्विजय साहू मौजूद रहे।

## समाज सेवा की अनुपम मिसाल थीं अहिल्याबाई : डॉ. टोपलाल

■ सिलौटी कालेज में छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण पर आयोजित हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



बाबू पंढरीराव कृदत्त शासकीय महाविद्यालय सिलौटी में देवी अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी समारोह पर छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व निर्माण के लिए व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला से छात्र-छात्राओं को देवी अहिल्याबाई होलकर की सादगी, कर्तव्य निष्ठा, धर्म के प्रति प्रतिबद्धता, प्रशासनिक कौशल एवं दूरदर्शिता से रूबरू होने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. टीएल वर्मा सेवानिवृत्त प्राध्यापक शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. केके साहू प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं डॉ. कमलेश कुमार शुक्ला, सह-प्राध्यापक, बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. भावना कमाने ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. टीएल वर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने दशकों पूर्व राष्ट्रीय, सांस्कृतिक एवं भावात्मक एकीकरण के प्रयास किया। उन्होंने देवालयों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों के जीर्णोद्धार एवं नव निर्माण का साहसिक कार्य किया। उनका योगदान ऐतिहासिक है। भारत और विश्व में एक सशक्त नारी शक्ति के रूप में उनका स्मरण किया जाता है। डॉ. वर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर को याद करना भारतीय संस्कृति के उदात्त पक्षों को याद करना है। अहिल्याबाई होलकर अपनी कर्तव्य परायणता एवं समाजसेवा से लोकमाता बनीं। वह न केवल समाज सेविका थी बल्कि एक पर्यावरण संरक्षिका भी थीं, जिन्होंने अपने होलकर राज्य में पौधरोपण को बढ़ावा दिया। उन्होंने सती प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को भी समाप्त करने का प्रयत्न किया।विशिष्ट अतिथि डॉ. केके साहू एवं डॉ. कमलेश कुमार शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को देवी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके सामाजिक सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के डॉ. शिवेंद्र बहादुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. नरेन्द्र कुमार ध्रुव, भारती मंडावी, ओम प्रकाश साहू, हितेश नेताम, भावना दीवान, त्रिभुवन साहू, राकेश कुमार कौशिक, दानेश्वर वर्मा, पद्मराज क्यूट एवं पवन साकेत की उपस्थिति रही।

## भोलाराम को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन खालसा उमावि दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव रहे। जिसमें ग्राम डाभा विखं मगरलोड जिला धमतरी निवासी शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शिक्षक भोलाराम सिन्हा युवा कहानीकार को शिक्षा, साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सावित्री बाई फूले शिक्षा सम्मान से अतिथियों ने शाल, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सिन्हा जी की जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा जिला धमतरी द्वारा चयनित व प्रकाशित कर बाल कहानी-लालच के फल- को जिले के सभी प्राथमिक शालाओं में भी भेजी गई है।

सिन्हा जी के अनुसार-बाल कहानियाँ बच्चों में आत्मविश्वास व सृजनशीलता बढ़ाती है। सिन्हा जी के नवाचार को छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग की चर्चा पत्र में- सुनव कहानी सियान के जुबानी- को भी स्थान दिया जा चुका है। नई कलम, मन की आवाज, साहित्य के सितारें, के साथ-साथ शाला में बेहतर कार्य के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण, शिक्षा दूत, सम्मान भी प्राप्त हो चुका है।

उनकी इस उपलब्धि पर किलोल पत्रिका संपादन समूह के टीसी जायसवाल, विखं शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव, बीआरसी तामेश्वर ठाकुर, बिरझुली के संकुल प्राचार्य व्हीके अग्रवाल, मोहदी समन्वयक रुपेश शर्मा, बिरझुली के समन्वयक होरीलाल साहू, घनश्याम सेन, नरेंद्र सिन्हा, दिनेश चौहान, अनंत मांझी, शैलेन्द्र साहू, रवि गोस्वामी, अशोक पटेल, कोमल साहू, भानूप्रताप साहू, चन्द्रहास सिन्हा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जिले में पीएम आवास के 8 हजार 875 लक्षित हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी जनपद पंचायत एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी, कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार आवास से संबंधित सभी जानकारी बारीकी से दी गई तथा आवासों का ले-आउट भी किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 8 हजार 875 लक्षित हितग्राही हैं। इनमें धमतरी विकासखण्ड के 1 हजार 507, कुरूद विकासखण्ड के 1 हजार 487, मगरलोड विकासखण्ड के 1 हजार 597 और नगरी विकासखण्ड के 4 हजार 284 हितग्राही शामिल हैं।

## शिक्षकों ने खोला संकुल समन्वयक के खिलाफ मोर्चा

**धमतरी।** संकुल समन्वयक के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए शिक्षकों और प्रधानपाठकों ने कलेक्टर से लिखित शिकायत की है। उन्होंने दुव्यर्वहार का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाकर दूसरा संकुल समन्वयक भेजने की मांग की है। शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार संकुल समन्वयकों को शाला में तीन कालखंड लिया जाना अनिवार्य है, किन्तु संकुल समन्वयक अपनी माध्यमिक शाला शिवसिंह वर्मा में कोई भी कालखंड नहीं लेते। नत्थूजी जगताप स्कूल के सामने उनकी दुकान है, जहां पर वे दुकानदारी करते हैं। डाक को भी अपनी दुकान में ही मंगवाते हैं। कोई भी जानकारी संकुल के शिक्षकों द्वारा मांगी जाती है तो ठीक से जवाब नहीं देते। संकुल केन्द्र का डाक जमा करने के लिये संकुल की खिड़की में डालने बोलते हैं और डाक गुम हो जाने पर जमा नहीं किये हो बोलकर परेशान किया जाता है। संकुल के अधिकांश शिक्षक उनके तानाशाही दुर्व्यवहार से आहत हैं। उन्होंने संकुल समन्वयक को हटाने की मांग की है। मांग करने वालों में ब्राह्मणपारा स्कूल के प्रधानपाठक पंडित गिरधारी लाल तिवारी, गोविंदा गोपाल, शंकर जांगड़े, छाया सोनवानी, कल्पना पांडेय, मुकेश यादव, बीरेंद्र ध्रुव, गौतम साहू आदि शामिल थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्य कल्याण संघ की बैठक आज

**डांडेसरा।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ धमतरी ब्लाक की बैठक 29 सितम्बर रविवार को दोपहर 12 बजे मिशन ग्राउंड रत्नाबांधा धमतरी में रखी गई है। संघ के ब्लाक अध्यक्ष सोमनाथ तारक, उपाध्यक्ष चिंताराम साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, पीताम्बर निर्मलकर ने बताया कि ब्लाक धमतरी के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष की नियुक्ति पर चर्चा की जायेगी। ग्राम पंचायत भृत्य की मांग पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

### अरौद में अखंड रामधुनी महासम्मेलन आज

**मगरलोड।** ग्राम अरौद में ग्रामवासियों के सहयोग से अखंड रामधुनी महासम्मेलन एवं मंचन प्रतियोगिता 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आयोजित की गई है। 29 सितंबर रविवार शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन की मुख्य अतिथि रूक्मणि पुरुषोत्तम साहू सरपंच अरौद होंगी। अध्यक्षता फलेश साहू उपसरपंच व बानूराम साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि नंदू साहू , कुलेश्वर साहू शिक्षक, नरेश साहू शिक्षक, भूपेंद्र साहू शिक्षक, त्रिलोकचंद शिक्षक, ऐशकुमार शिक्षक, सुरेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू ग्राम सचिव होंगे।

### परसट्ठी में कबड्डी स्पर्धा आज

**सिर्री।** ग्राम परसट्ठी में स्टूडेंट क्लब एवं ग्रामीणों के सहयोग से 29 सितंबर को एकदिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है। प्रथम पुरस्कार 10,001, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपए, तृतीय 5001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए दिया जायेगा। शुभारंभ की मुख्य अतिथि प्रभा प्रहलाद ध्रुव होंगे। अध्यक्षता कुशल ध्रुव करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष करेंगे। स्पर्धा की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

# संसार में कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं : आचार्य रामप्रताप शास्त्री

## नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की जय से गूंजा उठा कथा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



रुद्री में नरेन्द्र, दीनदयाल कौशल साहू के शुभ संकल्प से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने चतुर्थ दिन की कथा में समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म व श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया।

श्री शास्त्री ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते।

संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। कलयुग में भागवत की कथा सुनने से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्म के पापों का नाश होता है। श्रीराम जन्म एवं श्रीकृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि 84 लाख योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है।





आगे कहा कि प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब रावण का अत्याचार बढ़ा, तब श्रीराम का जन्म हुआ। जब कंस ने सारी मर्यादा तोड़ी तो प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ। भागवत कथा एक ऐसी कथा है, जिसे ग्रहण करने से मात्र मन को शांति मिलती है। कथा के अंत में श्री कृष्ण के जन्म पर श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल बन गया। नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों की गूंज से सारा पंडाल झूम उठा। मौके पर डॉ रामेश्वर यादव, नोहर साहू, संतोष साहू, रेमन लाल साहू, डा तेजराम साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, पूर्व लेखराम साहू, दयाराम साहू, मालक राम साहू, चितरंजन साहू, अवनेंद्र साहू , विजय साहू, नंदझरूखा साहू, रामाधार साहू, सुनील साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, डेनिश चंद्राकर, दिलीप कुमार नाग, महेश शास्त्री, धर्मेंद्र साहू, श्याम साहू, काशीराम साहू, नंदकुमार साहू, दिलीप कुमार नाग, महेंद्र पटेल, केशव साहू ने कथा श्रवण का लाभ लिया।

# नीत नये परिवर्तन करने वाले ही इतिहास रचते हैं : अजय





- अटल स्टेडियम कुरूद में आयोजित खेल स्पर्धा का हुआ समापन
- फुटबॉल में धमतरी व हैंडबॉल में महासमुंद की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

### मेहनती लोगों के जीवन में आराम-विश्राम नहीं होता

श्री चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मैदान से तैयार हुआ युवा कभी गलत रास्ते में नहीं जाता है और कुछ करके ही दिखाता है। यहां से ऐसे ऐसे कलाकार व खिलाड़ियों का जुड़ाव रहा जिनकी राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इसलिए प्रति पल प्रयास करते रहना चाहिए। मेहनती लोगों की डायरी में आराम-विश्राम नहीं होता है । वे प्रतिपल परिवर्तन की ही सोचते हैं। मैं यहां के नौनिहालों में कुरुद का इतिहास बदलते देख रहा हूं। उन्होंने आयोजन से जुड़े अधिकारियों को भी इस दिशा में अपने मूल कर्तव्यों से हटकर समाज में परिवर्तन लाने कोई भी सामाजिक आंदोलन चलाने की बात कही। इस दौरान विधायक चंद्राकर ने रूपेंद्र सिंह चौहान इंटरनेशनल कोच पिकल बाल एवं लॉन टेनिस, उमेश सिंह बास्केटबॉल के नेशनल कोच का शाल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

दुनिया में वहीं लोग आगे बढ़ते हैं जो हमेशा मेहनत करते है। हर पल नित नये परिवर्तन करते हैं और वही लोग इतिहास रचते हैं। इसलिए अवसर मिले तो हमेशा अपने प्रतिभा को उभारने की ही कोशिश करनी चाहिये। उक्त बातें कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने बतौर मुख्य अतिथि कुरूद के अटल स्टेडियम में आयोजित खेल स्पर्धा के समापन अवसर पर कही।

कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग कुरुद द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्टेट लेवल टूर्नामेंट में हैंडबाल, फुटबॉल, 1500 मी. मैराथन, 400 मीटर रिलेरेस, बास्केटबॉल महिला वर्ग और नया लेकिन दुनिया भर में पसंद किए जा रहे पीकल बॉल का शानदार आयोजन किया गया। समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि इस परिसर को देखता हूं तो मैं मुक्त हो जाता हूं क्योंकि कभी इसके निर्माण का विरोध भी हुआ था लेकिन आज इसकी उपयोगिता सिद्ध हो रही है। यह ऐसा मैदान है जो पूरे छग में चार ही है जिसमे से दो कुरूद और भखारा में है। पहले मैदान का अभाव था फिर भी नेशनल और इंटरनेशनल लेवल के खिलाड़ी तैयार होते थे। मैं चाहता हूं कि इस सर्वसुविधायुक्त मैदान का आज के नौनिहाल व्यापक उपयोग कर आगे बढ़े।

#### ये टीमें व खिलाड़ी रहे विजेता

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक मैच खेला। हैंडबॉल में महासमुंद और कुरुद के बीच मुकाबला हुआ जिसमें महासमुंद की टीम विजेता व कुरुद उपविजेता रही जिन्हें अध्यक्ष तपन चंद्राकर द्वारा 20 हजार का नकद पुरस्कार दिया गया। फुटबॉल का फाइनल मुकाबला नगरी व धमतरी टीम के बीच खेला गया जिसमें धमतरी की टीम विजेता रही। 1500 मीटर दौड़ में कुरूद के ताकेश, 1000 मीटर में सुमन कोर्राम, 500 मीटर में तीरथ कुमार ने स्थान बनाया। रिले रेस में कुरूद की टीम प्रारहम व महोतरा की टीम द्वितीय रही। बेस्ट प्लेयर रूपेश सिन्हा को 2100 रुपये का नकद इनाम दिया गया। समापन समारोह को विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने भी संबोधित कर खिलाड़ियों एवं आयोजकर्ताओं का उत्साहवर्धन कर भविष्य में भी इस तरह के आयोजन में सहयोग देने की बात कही। साथ ही प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दीनदयाल मांडवी एसडीएम कुरूद, भूपेन्द्र चंद्राकर पूर्व नेशनल प्लेयर व्हालीवॉल, नायब तहसीलदार ज्योति सिंह, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, बीइओ आरएन मिश्रा, प्रभात बैस, इंजीनियर सिन्हा सहित खिलाड़ी व खेलप्रेमी मौजूद थे।

### प्राणीशास्त्र परिषद के अध्यक्ष बने पीयूष

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में प्राणीशास्त्र परिषद का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. गोविंद साहू ने परिषद के उद्देश्य, सत्र में होने वाले विभागीय कार्यक्रम व गतिविधियों के संचालन तथा पदाधिकारियों से विभाग की अपेक्षाओं की जानकारी दी। प्राणीशास्त्र परिषद के अध्यक्ष पीयूष साहू, उपाध्यक्ष नितिन, सचिव अर्चना बघेल, सहसचिव सुधांशु गेडाम बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में चंद्रकला जोशी, खिलेश्वरी, काजल साहू तथा सुमीत शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रो. भीखम लाल, प्रो. उमा द्विवेदी, प्रो.दीपाली साहू, संजय राठौर व राहुल सोनी का योगदान रहा।

### केंद्रीय जलशक्ति मंत्री पाटिल का प्रीतेश ने किया आत्मीय स्वागत



**धमतरी।** रायपुर विमानतल पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री एवं गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल का भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

# पटेल समाज ने पूर्व अध्यक्ष दिवसराम को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगरी राज पटेल समाज के पूर्व अध्यक्ष दिवसराम के निधन पर समाजजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है। पटेल समाज नगरी राज के पूर्व अध्यक्ष ग्राम मल्हारी निवासी दिवसराम का बीते दिनों लगभग 94 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार को आयोजित तीजनाहवन कार्यक्रम में पटेल समाज नगरी राज के अध्यक्ष व पुत्र विजय कौशल व ठाकुरदेव पुजारी सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, समाजजनों व परिवारजनों ने पूर्व अध्यक्ष दिवसराम की फोटो पर श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। इस दौरान मरार पटेल समाज के संरक्षक व सलाहकार सौभाग्यचंद्र पटेल ने श्रद्धांजलि उद्बोधन में कहा कि स्व. दिवसराम पटेल का जन्म 1 नवंबर 1930 को ग्राम मल्हारी-नगरी में हुआ था। वे उच्च विचार, मृदुभाषी व सरल स्वभाव के व्यक्तित्व के धनी थे। राजस्व पटवारी के पद से सेवानिवृत्त होने के पश्चात मरार पटेल समाज नगरीराज के अध्यक्ष बने। अध्यक्ष रहते हुए समाज को संगठित व विकास के पथ पर ले जाने के लिए सदैव तत्पर व प्रयत्नशील रहे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। आगे कहा कि वर्ष 1978-79 में राज्य स्तरीय भू-अभिलेख दिवस समारोह खण्डवा म.प्र. में श्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया था। वर्ष 1997 में छग कोसरिया पटेल समाज रायपुर-म.प्र. द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलबब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया था। इस दौरान मदनलाल पटेल, केशकुमार पटेल, शैलेन्द्र कौशल, ललित कौशल, जेआर कौशल, चैनसिंह कौशल, कृपाराम, शंक, नीरा पटेल, परमानंद, सोहन, कीर्तन, मोहन, हेमंत, कन्हैया कौशल, बिशन पटेल, तिलकराम, अंजोर सिंह, नेहरूराम, सुमन पटेल, रमेश, आसकरण, अघनू, जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, रवि दुबे, महेन्द्र देवांगन, शीतला समिति भीतरराास के संरक्षक कमल सिंह पवार, ज्ञान पटेल, बलदेव निषाद, अंजोर निषाद, ठाकुर देव समिति के सचिव व समस्त सदस्यगण, ग्राम मल्हारी के सलाहकार श्याम सोम, हुलाल सोम, मालिकराम चंद्रवंशी, नीलचंद सोम, अरूण सोम सहित परिवारजन डॉ. जी.डी. कौशल, डॉ. राकेश कौशल सहित समाजजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देवपुर-नगरी मार्ग पर बने गड्ढे की 15 दिन बाद भी मरम्मत नहीं



- इस रोड में क्षमता से अधिक लोड वाले वाहन दौड़ रहे, प्रशासन नहीं लगा पा रहा लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



नगरी विकासखंड में कुछ ऐसे मुख्य मार्ग हैं जहां बीच रोड पर गड्ढे हो चुके हैं। सुबह सूरज की रोशनी के साथ गांव से लगभग हर घर से एक व्यक्ति अपने घर की जिम्मेदारी लिए जीविका चलाने अपने दैनिक कार्य के लिए निकल जाते हैं। वहीं मुख्यालय आने वाने लोगों को बेलर, घठुला, सांकरा सिहावा नगरी के रास्ते से गुजरना पड़ता है। देवपुर से नगरी आने-जाने के रास्ते में बने गड्ढे को 15 दिन से अधिक हो गया है। बेलर गिधावा ओर गड़डोंगरी के बीच के गड्ढे को चार दिन से अधिक हो गया लेकिन अब तक मरम्मत नहीं हुई।

### कभी भी हो सकती है बड़ी अनहोनी

गड्ढों को देखने विभाग के अधिकारी को फुर्सत ही नहीं है और न ही किसी जनप्रतिनिधि ने सुध ली है। शायद प्रशासन को भी किसी अनहोनी का इंतजार है। इस रोड में क्षमता से अधिक लोड वाले हाइवा वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिस पर आज तक प्रशासन लगाम नहीं लगा सका है जिसका खामियाजा आमजनों को उठाना पड़ रहा है। इन दिन दिनों व्हाटसअप, फेसबुक पर गिधावा ओर गड़डोंगरी के बीच के गड्ढे की फोटो वायरल हो रही है ताकि जनता जान सके कि शासन प्रशासन जनता के प्रति कितना सजग है। आगेश हिरवानी समाज सेवक ने बताया कि पीडब्ल्यूडी अधिकारी महावीर प्रसाद डड़सेना से इस सम्बन्ध में जानकारी के लिए दूरभाष से संपर्क किया गया मगर विभागीय अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

# एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में श्रीप्रिया का चयन



**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद की पूर्व छात्रा श्री प्रिया ध्रुव का चयन एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में हुआ है। वह दरबा निवासी घनश्याम-वसुंधरा ध्रुव की पुत्री है। एथेलेटिक्स प्रतियोगिता के तवा फेंक में क्षेत्र स्तर पर खेलते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब उनका चयन अखिल भारतीय स्तर पर हो गया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष दुलारू राम साहू, राजेशराम साहू संयोजक, दुर्जन राम सोनगेर पूर्व संयोजक, लिकेश साहू उपाध्यक्ष, डोमार सिह साहू, खेमचंद साहू, नाहरू राम साहू, प्रधानाचार्य रामगोपाल साहू समेत स्कूल स्टाफ ने खुशी जाहिर की है।

